

पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**प्रियंका चोपड़ा का धमाकेदार कमबैक**


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का

लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 45 | अंक : 211 | रविवार 16 नवंबर 2025 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A.

Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com


# उल्हासनगर भाजपा को लगा ग्रहण

## उल्हासनगर की राजनीति में भूचाल

## एक ही दिन में 6 पूर्व नगरसेवकों ने छोड़ी भाजपा

### BJP के पूर्व जिलाध्यक्ष जमनू पुरसवानी, महेश सुखरामानी, प्रकाश माखीजा और राम चार्ली TOK में शामिल

### किशोर वनवारी व मीना सोंडे भी शिवसेना गुट में शामिल

- BJP के कट्टर नेता वर्तमान नेतृत्व से नाराज़
- हाल ही में PM मोदी से की थी मुलाकात
- कई और BJP के पूर्व नगरसेवक TOK में जाने को तैयार
- पक्ष प्रवेश व टिकट को लेकर अनबन





**उल्हासनगर।** एक तरफ देशभर में भाजपा का बोलबाला लगा हुआ है तो दूसरी तरफ उल्हासनगर शहर की उलट ही परिस्थिति चल रही है। शुक्रवार को भाजपा पर सबसे बड़ा ग्रहण तब लगा जब एक ही दिन में भाजपा के 6 सबसे पुराने पूर्व नगरसेवकों व कट्टर भाजपाईयों ने भाजपा को जय श्री राम कहकर शिवसेना शिंदे गुट व टीम ओमी कालानी का दामन थाम लिया। भाजपा के दो पूर्व जिलाध्यक्ष जिनमें जमनू पुरस्वानी व महेश सुखरामानी के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रकाश माखीजा, राम चार्ली टीओके में शामिल हो गए जबकि उल्हासनगर-5 के पैनल 19 से पूर्व नगरसेवक मीना सोंडे व किशोर वनवारी ने भाजपा छोड़कर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना का झंडा थाम लिया। एक ही दिन में 6 नगरसेवकों ने भाजपा को झटका देकर भाजपा का मैदान ही साफ कर दिया। खबर मिली है कि और भी 5-6 पूर्व नगरसेवक भाजपा छोड़ने की तैयारी में है।

## मनपा चुनाव में होगा बड़ा उलटफेर




उल्हासनगर मनपा चुनाव से पूर्व भाजपा में हुई फेरबदल के बाद अब कई पैनलों का गणित ही बदल गया है। पैनल 6 व पैनल 2 में भाजपा के पूर्व नगरसेवकों ने भाजपा छोड़ टीओके में शामिल होने से भाजपा की चिंता बढ़ा दी है। वहीं टीओके के युवा उम्मीदवार भी अब टेंशन में आ गए हैं कि हमारा क्या होगा। क्योंकि चुनाव से पूर्व पैनल 1, 3, 5,9,11 आदि में भी पूर्व नगरसेवक दल बदल की तैयारी कर रहे हैं।

इससे भाजपा को झटका लगेगा और कालानी का यहां से फायदा मिलते नजर आ रहा है। भाजपा उन खाली पैनलों के लिए उम्मीदवार तलाश रही है।

## भाजपा की हो गई बोलती बंद

इन दिग्गजों के जाने के बाद भाजपा के स्थानीय संगठन में असंतोष की लहर दौड़ गई है। पत्रकार परिषद में संगठन ने कुछ भी बोलने से बचे। लेकिन कार्यकर्ताओं में मौजूदा नेतृत्व शैली को लेकर सवाल उठ रहे हैं और नेताओं के जाने के कारणों, गुटबाजी और अंदरूनी कलह पर चर्चा चल रही है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार आगामी उल्हासनगर मनपा चुनाव के लिहाज से यह टूट बेहद अहम है।



भाजपा के लिए यह विरोधाभास बन गया है। फिलहाल, उल्हासनगर की राजनीति गरमा गई है और आने वाले दिनों में इन घटनाक्रमों के और तेज होने की प्रबल संभावना है। जानकारों का मानना है कि इन बदलावों का आगामी मनपा चुनाव पर बड़ा असर पड़ेगा। क्योंकि कई और भी भाजपा के पूर्व नगरसेवक बाहर निकलने को आतुर हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण भी इस अंदरुनी कलह को सुलझाने में असफल साबित हुए क्योंकि दूसरे पक्ष से आए नेताओं ने भाजपा को हाईजैक कर भाजपा की नीतियों को चोट पहुंचाई है जिस कारण असली भाजपाइयों को मैदान छोड़ना पड़ा।

## हमें पार्टी छोड़ने के लिए मजबूर किया गया -जमनू

भाजपा से अलग होने के बाद भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जमनू पुरस्वानी ने कालानी महल से पत्रकार परिषद में कहा कि भाजपा को हमने नहीं छोड़ा है उन लोगों ने हमें पार्टी छोड़ने के लिए मजबूर किया है। भाजपा मेरा परिवार था लेकिन वहां दूसरे पार्टी से आए लोगों को भाजपा का संविधान ही पता नहीं, उन अहंकारी नेताओं ने वरिष्ठों का कभी सम्मान ही नहीं किया। हमारी सहनशीलता खत्म हो गई है। हमने इसकी शिकायत वरिष्ठ नेताओं से की थी लेकिन उन्होंने हमारी बातों को अनदेखा किया। पक्ष में अनाप शनाप लोगों का प्रवेश कराया जा रहा था। हमें दरकिनार कर फैसले लिए जा रहे थे। नए नेताओं ने पार्टी का सत्यानाश किया है। जो हमारी पीड़ा है वो अन्य कई लोगों की पीड़ा है जल्द ही अन्य नेता व कार्यकर्ता भाजपा को छोड़कर हमारे साथ जुड़ेंगे।



# मतदाता सूचियों के प्रकाशन की समय-सीमा 5 दिसंबर

- मनपा चुनाव पहले 15 से 20 जनवरी के बीच होने की थी उम्मीद



**कल्याण.** मुंबई और ठाणे सहित प्रमुख शहरों में नगर निगम चुनाव कार्यक्रम कम से कम सात दिन आगे खिसकने की संभावना है। इन शहरों में निकाय चुनाव पहले 15 से 20 जनवरी के बीच होने की उम्मीद थी। एसईसी ने वार्ड-वार अंतिम मतदाता सूचियों के प्रकाशन की समय-सीमा 28 नवंबर से बढ़ाकर 5 दिसंबर कर दी है । इसी प्रकार, सुझाव और आपत्तियाँ दर्ज करने की अवधि 14 नवंबर से बढ़ाकर 28 नवंबर कर दी गई है, जैसा कि गुरुवार को एसईसी द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है।

शहरी विकास विभाग के एक अधिकारी ने कहा, 'बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) सहित सभी निगम, हाल ही में वार्ड सीमा में हुए बदलावों के बाद मतदाता सूची का गहन सत्यापन पूरा नहीं कर पाए।''चूँकि इस बार राजनीतिक दल ज़्यादा सतर्क हैं, इसलिए हम सूचियों में त्रुटियों का कोई जोखिम नहीं उठाना चाहते। पुनर्विकास परियोजनाओं और नए बुनियादी ढाँचे के कारण मतदाता स्थानों में काफ़ी बदलाव हुए हैं, जिससे मतदाता आस-पास के वार्डों में चले गए हैं। इसलिए, निगमों, खासकर मुंबई और ठाणे, को सूचियों का सावधानीपूर्वक सत्यापन करने का निर्देश दिया गया है।'

स्थानीय निकायों को भी मतदाताओं के नामों की नकल हटाने के लिए सत्यापन अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। अधिकारी ने कहा, 'हालाँकि नकली नामों को हटाया नहीं जा सकता, फिर भी फ़र्ज़ी मतदान को रोकने के लिए मतदान केंद्र अधिकारियों के साथ समन्वय करके उन्हें चिह्नित किया जा रहा है। चूँकि निगम कर्मचारियों की हाउसिंग सोसाइटियों तक बेहतर पहुँच है और वे सत्यापन के लिए ज़िम्मेदार हैं, इसलिए उनके अनुरोध पर समय-सीमा बढ़ा दी गई है।'

# सड़क पर तेल गिरने से कई गाड़ियां फिसली

- उल्हासनगर 3 ओटी सेक्शन की घटना
- पूर्व नगरसेवक टोनी सीरवानी ने स्थिति संभाली



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 3 ओटी सेक्शन में गुलराज टावर रोड पर आज दोपहर एक ट्रक से अचानक तेल गिरने से सड़क पर बड़ी फिसलन हो गई। इस घटना में कई टू-व्हीलर वाले इसके शिकार हुए और कुछ को मामूली चोटें भी आई हैं। पूरी घटना वहां लगे CCTV कैमरे में साफ कैद हो गई और अचानक बनी इस स्थिति से कुछ देर के लिए ट्रैफिक रुक गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय नेता टोनी सीरवानी व अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने ड्राइवरों से सावधानी से और धीरे गाड़ी चलाने की अपील की। इस बीच, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के सफाई डिपार्टमेंट ने तुरंत सड़क पर पाउडर स्प्रे करने का काम शुरू कर दिया है और तेल की मात्रा कम करने और फिसलन को हटाने के लिए तेजी से सफाई की गई। इस दुर्घटना से कुछ देर के लिए लोगों में अफरातफरी हो गई। हालांकि, म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की तुरंत कार्रवाई से ट्रैफिक धीरे-धीरे नॉर्मल हो गया। एडमिनिस्ट्रेशन संबंधित ट्रक ड्राइवर की जांच कर रहा है और इस बात की भी जांच की जा रही है कि सड़क पर तेल कैसे गिरा।

# अंबरनाथ में वालेकर ने भाजपा में किया प्रवेश

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शिवसेना के महिला आघाड़ी, पूर्व नगरसेवक, युवा सेना एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी में प्रवेश कर लिया है. जिला प्रमुख महिला संघटक मीनाताई वालेकर, युवा उद्योजक पवन वालेकर, आकाश वालेकर, पूर्व नगरसेवक परशुराम जाधव आदि 20 शिवसेना के पदाधिकारियों ने कल्याण जिला सचिव अभिजीत करंजुले पाटिल, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रजेश तेलंगे, महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण की उपस्थिति में भाजपा में प्रवेश किया. भाजपा द्वारा जारी जानकारी के अनुसार सैकड़ों शिवसैनिकों ने भाजपा में प्रवेश किया है. शिवसेना शहर संघटक चंद्रकांत मोटे, युवा सेना विधानसभा अध्यक्ष हेमंत जाधव, प्रकाश वालुंज, आनंद रेड्डी, साथ ही कांग्रेस के उपाध्यक्ष बबलू सिंह, रविंद्र पवार, जावेद शेख, शाखा प्रमुख योगेश भंडारे, सुरेश मोटे, महिला विभाग अध्यक्ष बसवराज साखरे आदि 20 पदाधिकारियों ने सैकड़ों शिवसैनिकों के साथ भाजपा में प्रवेश किया है. मीना वालेकर, पवन वालेकर ने रविंद्र चव्हाण को शाल एवं पुष्पगुच्छ देकर उनका आभार व्यक्त किया. रविंद्र चव्हाण ने भी शिवसेना से भाजपा में आए मान्यवरों से खुलकर बातचीत की. शहर में अभी तक शिवसेना-भाजपा में युति की आपसी बातचीत ना होने से और एक दूसरे के विरुद्ध बयानबाजी से दोनों पक्षों में दूरियां बढ़ती जा रही हैं.



विदित हो कि पवन वालेकर का गत कई दिनों से अपने चाचा अरविंद वालेकर से विवाद चल रहा है. इसलिए उन्होंने शिवसेना को छोड़कर अब भाजपा में प्रवेश किया है.

## तीन पिस्तौल, कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**कल्याण.** डोंबिवली शहर के मानपाड़ा क्षेत्र स्थित एक घर में छापा मारकर पुलिस ने तीन पिस्तौल , कारतूस चाकू के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है.

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने डोंबिवली शहर के मानपाड़ा इलाके में आरोपी रोशन हीरानंद झा (36) के घर पर छापा मारा. तलाशी के दौरान टीम ने 1.98 लाख रुपये कीमत की तीन पिस्तौल, चाकू, कारतूस और अन्य हथियार बरामद किये. पुलिस अधिकारी ने बताया कि हम अब इस बात की जांच कर रहे हैं कि उसे ये हथियार किसने दिए और उसने इन्हें किस उद्देश्य से रखा था. मामले में जांच जारी है.

# अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णा पाटिल का शिवसेना में प्रवेश

- प्रभाग-2 से 2 उम्मीदवारी देने का वादा
- ठाणे जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं बदलापुर कांग्रेस अध्यक्ष ने भी दिया इस्तीफा

यूसुफ शेख

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष कृष्णा रसाल पाटिल ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर अपने साथियों के साथ शिवसेना (शिंदे) में प्रवेश कर लिया है. उन्होंने स्वतः ये खबर देते हुए बताया कि उनके साथ उनकी पत्नी पूर्व नगरसेविका करुणा पाटिल, पुत्र रोहन पाटिल ने भी सांसद श्रीकांत शिंदे, विधायक डॉ. बालाजी किणीकर के हाथों शिवसेना का दामन थाम लिया है. उन्होंने बताया कि प्रभाग क्र. 2 कोहोजगांव से पत्नी करुणा एवं पुत्र रोहन को शिवसेना से उम्मीदवारी दी जाएगी. शुक्रवार को चोरघे ने भी कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद अंबरनाथ ब्लॉक कांग्रेस से कृष्णा पाटिल ने एवं बदलापुर कांग्रेस अध्यक्ष संजय जाधव ने भी अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. ठाणे जिले में अब कांग्रेस कमजोर हो गया है.



दयानंद चोरघे ने इस्तीफा देने के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सपकाल पर आरोप लगाया है कि वह उनको भरोसे में लेकर काम नहीं कर रहे थे. उन्होंने उनसे पूछे बिना अंबरनाथ में प्रदीप पाटिल को शहराध्यक्ष का पद सौंपा, जबकि यहां पर उनके द्वारा नियुक्त किए गए एड. कृष्णा पाटिल पहल से ब्लॉक अध्यक्ष मौजूद थे. कृष्णा पाटिल ने हमें बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के समय अंबरनाथ नगर परिषद चुनाव के लिए विविध प्रभाग से उनके पास 38 इच्छुकों के नाम आए थे.

विदित हो कि प्रदीप पाटिल ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष हैं. शहर में कांग्रेस के दो-दो अध्यक्ष होने से कांग्रेस में दो फाड़ हो गया था. इसलिए कृष्णा पाटिल ने शिवसेना का दामन थाम लिया है. लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता असमंजस में हैं कि वह क्या करे. कहां जाए? कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का अंबरनाथ और बदलापुर में बिल्कुल भी ध्यान नहीं है, ऐसा आरोप कांग्रेसी लगा रहे हैं.

# 2 गांजा तस्कर गिरफ्तार



- 10 लाख 19 हजार का माल जब्त

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर क्राइम ब्रांच पुलिस ने बदलापुर पश्चिम के वलीवली इलाके में बड़े पैमाने पर चल रहे ड्रग तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो संदिग्धों को उनकी गाड़ी के साथ गिरफ्तार किया है। उनके पास से 24 kg गांजा और दूसरा कीमती सामान जब्त किया गया है, जिसकी कुल कीमत 10 लाख 19 हजार 120 है। जब स्क्वॉड के अधिकारी और कर्मचारी पेट्रोलिंग कर रहे थे, तब कांस्टेबल राजेंद्र थोरवे को एक गुप्त मुखबिर से सूचना मिली कि दो लोग TVS जुपिटर बाइक पर गांजा लेकर वलीवली गांव इलाके में आ रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, स्क्वॉड ने तुरंत जाल बिछाया और दोनों आरोपियों कपीश नवले और एकनाथ नाइक को उनके दोपहिया वाहनों के साथ गिरफ्तार कर लिया। जब उनकी तलाशी ली गई, तो उनके पास से 24 kg गांजा, एक दोपहिया वाहन और एक मोबाइल फोन जब्त किया गया, जिसकी कुल कीमत 10 लाख है।

# कबिर गायकवाड़ ने कांग्रेस से नामांकन भरा

- 5 दिनों में 4 नामांकन दाखिल
- रविवार को भी नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद चुनाव के लिए पांचवे दिन दो उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया. शनिवार तक कुल 4 नामांकन दाखिल हुए. शनिवार को पूर्व नगरसेवक कबिर गायकवाड़ ने कांग्रेस की निशानी हाथ का पंजा से नामांकन दाखिल किया है. उनके साथ ब्रॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप पाटिल, वरिष्ठ नेता शाम गायकवाड़, पूर्व नगरसेविका सुधा गायकवाड़ एवं वार्ड क्र. 3-ए चिंचपाड़ा, नारायण नगर, नवरे पार्क के लोग उपस्थित थे. कबिर ने कहा है कि उन्होंने महाविकास आघाड़ी से अपना नामांकन दाखिल किया है. उन्होंने अनुसूचित जाति से 3-ए प्रभाग से नामांकनन दाखिल किया है. 15 नवंबर को दूसरा नामांकन प्रभाग क्र. 15 ए से महेश भगवंत ने दाखिल किया है.



विदित हो कि इससे पूर्व 13 नवंबर को प्रभाग 10-बी से आकाश पुजारी और 14 नवंबर को वार्ड 24-बी से हर्षदा सावंत ने नामांकन दाखिल किया है. नाम निर्देशन फार्म भरने के लिए 17 नवंबर तक केवल दो दिन का समय रह गया है और केवल चार लोगों के नाम निर्देशन आने से ये चर्चा हो रही है कि 16 और 17 नवंबर को भीड़ बहुत ज्यादा बढ़ जाएगी. 29 प्रभाग से 59 उम्मीदवार नामांकन दाखिल करने वाले हैं. इसलिए अंदाजा ये लगाया जा रहा है कि 250 से ज्यादा इच्छुक नामांकन दाखिल करेंगे. रविवार को भी दोपहर 12 से 3 बजे तक नामांकन दाखिल किए जा सकते हैं. आफलाइन के लिए भी प्रक्रिया आज से शुरू हो गई है.

# बिहार में जीत पर उल्हासनगर के भाजपाइयों ने मनाया उत्सव

**उल्हासनगर.** बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन की ऐतिहासिक जीत पर उल्हासनगर भाजपा जिला कार्यालय में भव्य उत्सव मनाया गया। बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम घोषित होते ही उल्हासनगर भाजपा कार्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बन गया। विधायक कुमार आयलानी तथा जिलाध्यक्ष राजेश वधर्या के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता एकत्र हुए और एनडीए की भव्य जीत की खुशी में पटाखे फोड़े गये, भाजपाईयों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई तथा बैंड-बाजे की धुन पर जमकर नृत्य किया। इस अवसर पर भाजपा विधायक कुमार आयलानी व जिलाध्यक्ष राजेश वधर्या ने कहा कि, ओजस्वी नेतृत्व के दृढ़ संकल्प, रणनीति और जनता के अपार विश्वास से मिली इस भारी बहुमत वाली जीत पर देशभर में भाजपा-एनडीए समर्थकों में खुशी की लहर है, जिसमें उल्हासनगर का भी समावेश है, इन नेताओं ने इस जीत को भाजपा के राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय नेतृत्व के कौशल, व डबल इंजन की सरकार के विकास और सुशासन की जीत बताया।








**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## H-1B पर नई सख्ती

भारत में कुशल पेशेवर विदेश में नौकरी तलाशने को प्राथमिकता देते हैं। अच्छा वेतन पाने की ख्वाहिश उन्हें विदेश खींच ले जाती है। इस मामले में अमेरिका भले ही भारतीयों की पहली पसंद है, मगर अब वहां ठिकाना बनाना आसान नहीं रह गया है। अमेरिका ने इस साल सितंबर में पहले एच-1बी वीजा पर शुल्क कई गुना बढ़ा दिया और अब नई नीति तैयार की गई है, जिसके तहत किसी भी देश से अमेरिका जाने वाले पेशेवरों की नौकरी वहां के कर्मियों को प्रशिक्षित करने तक ही सीमित रहेगी, इसके बाद उन्हें स्वदेश वापस भेज दिया जाएगा।

यानी अमेरिका अब विदेशी प्रतिभाओं का इस्तेमाल केवल अपने कर्मियों का हित साधने तक ही करेगा। गौरतलब है कि अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने गुरुवार को कहा कि एच-1बी वीजा के तहत कुशल विदेशी पेशेवरों को लाने का मकसद अमेरिकी कर्मियों को उस कौशल में प्रशिक्षित करना है, जो उनके पास नहीं है। प्रशिक्षण में तीन से सात साल लगेंगे, इसके बाद वे स्वदेश लौट जाएंगे। इससे स्पष्ट है कि भारत समेत अन्य देशों के लोग अब अमेरिका में स्थायी तौर पर नौकरी नहीं कर पाएंगे।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अपने देश को फिर से महान बनाने का दावा करते रहे हैं। उनका कहना है कि विदेशी पेशेवरों के बड़ी संख्या में आने से वहां के नागरिकों का रोजगार छिन रहा है। इसी क्रम में उन्होंने अमेरिकी कंपनियों पर अपनी विनिर्माण इकाइयों को अन्य देशों से स्वदेश वापस लाने का दबाव भी बनाया था। अमेरिका ने एच-1बी वीजा का शुल्क भी इसलिए बढ़ाया है, ताकि इसकी पहुंच केवल उच्च कौशल वाले विदेशियों तक ही सीमित रहे।

हाल की एक रपट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में दो लाख से ज्यादा भारतीयों ने एच1-बी वीजा हासिल किया था। वर्ष 2020 से 2023 के बीच कुल स्वीकृत वीजा में 73.7 फीसद भारतीयों को मिले थे। खासकर भारतीय आइटी कंपनियां अमेरिकी बाजार पर सबसे ज्यादा निर्भर हैं। ऐसे में सवाल है कि एच1-बी वीजा को लेकर अमेरिका की नई नीति का लक्ष्य क्या विदेशी प्रतिभाओं को सिर्फ अपने फायदे भर के लिए इस्तेमाल करने जैसा नहीं है? इसे विदेशी पेशेवरों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं तो और क्या कहा जाएगा?

# विचार : सेना के संपूर्ण कब्जे में पाकिस्तान

बीते दिनों पाकिस्तानी संसद ने सैन्य कमांड संरचना और न्यायिक ढांचे में व्यापक बदलाव के लिए 27वां संवैधानिक संशोधन विधेयक पारित किया। इस विधेयक में अन्य बदलावों के अलावा संविधान के अनुच्छेद 243 को फिर से लिखा गया है। इसमें सशस्त्र बलों के चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज का पद स्थापित किया गया है और ज्वाइंट चीफ्स आफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष का पद समाप्त कर दिया गया है। यह विधेयक इसलिए पारित हो गया, क्योंकि राष्ट्रीय असेंबली यानी संसद के निचले सदन में सत्तारूढ़ गठबंधन के पास बहुमत था और उच्च सदन यानी सीनेट में विपक्ष ने बहिष्कार कर दिया। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद यह विधेयक कानून बन जाएगा।

पाकिस्तान के इतिहास में अनुच्छेद 243 में पांच बार संशोधन किया गया है। 1973 के मूल संविधान में कहा गया था कि संघीय सरकार के पास सशस्त्र बलों का नियंत्रण और कमान होगी। जनरल ज़िया-उल-हक ने इसे संशोधित कर कहा कि सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमान राष्ट्रपति को सौंपी जाएगी। ऐसा कर नागरिक सरकार से सैन्य नियंत्रण को स्थानांतरित कर दिया गया। 1997 में प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने इसे पलटते हुए सशस्त्र बलों का नियंत्रण संघीय सरकार और संसद को बहाल किया। जनरल परवेज़ मुशर्रफ ने 2002 में इसे फिर पलट दिया और राष्ट्रपति का प्रभुत्व बहाल किया। 2010 में 18वें संशोधन के तहत एक बार फिर बदलाव हुआ, जिसमें राष्ट्रपति के पद को सशस्त्र बलों के



सर्वोच्च कमांडर के रूप में बनाए रखा गया, लेकिन वास्तविक अधिकार संघीय सरकार को सौंपे गए। अनुच्छेद 243 में प्रस्तावित परिवर्तन के तहत सेना प्रमुख को चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज के रूप में मान्यता दी जा रही है और ज्वाइंट चीफ्स आफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष का पद समाप्त किया जा रहा है। यह बदलाव चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज यानी सेना प्रमुख को पाकिस्तान की सशस्त्र सेवाओं का सर्वोच्च अधिकारी बना देगा। इस विधेयक में राष्ट्रीय रणनीतिक कमान के कमांडर का पद स्थापित करने का प्रस्ताव है। इसके अतिरिक्त उन अधिकारियों को व्यापक लाभ प्रदान करने की व्यवस्था है, जिन्हें फाइव-स्टार रैंक में पदोन्नत किया जाएगा, जैसे फील्ड मार्शल, एयर फोर्स के मार्शल या एडमिरल आफ द फ्लीट।

संविधान संशोधन के तहत राष्ट्रपति प्रधानमंत्री की सलाह पर सेना, नौसेना और वायु सेना के प्रमुखों की नियुक्ति करेंगे, जबकि सेना प्रमुख चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे। इसके अलावा राष्ट्रीय रणनीतिक कमान का कमांडर भी प्रधानमंत्री द्वारा सेना प्रमुख की सिफारिश पर नियुक्त किया जाएगा और उसे सेना से ही चुना जाएगा। वह पाकिस्तान के परमाणु और रणनीतिक संसाधनों की देखरेख करेगा। एक अलग प्रविधान के तहत, जिन अधिकारियों को फाइव-स्टार रैंक में पदोन्नत किया जाएगा, उन्हें आजीवन संवैधानिक सुरक्षा मिलेगी। ये अधिकारी रैंक, विशेषाधिकार और यूनिफार्म जीवनभर बनाए रखेंगे और उन्हें केवल राष्ट्रपति के समान एक महाभियोग प्रक्रिया के माध्यम से ही हटाया जा सकेगा।

संविधान संशोधन विधेयक पर विपक्षी दलों और नागरिक अधिकार समूहों का कहना है कि यह सेना के पक्ष में सत्ता का संतुलन और अधिक बढ़ाएगा, जबकि नागरिक संस्थाओं के अधिकारों को कमजोर करेगा। 27वें संशोधन विधेयक से न्यायिक ढांचे में भी महत्वपूर्ण बदलाव होंगे। संशोधन के केंद्र में एक नया शीर्ष न्यायालय संघीय संवैधानिक न्यायालय (एफसीसी) है। एफसीसी का अपना एक मुख्य न्यायाधीश होगा, जो तीन साल के निश्चित कार्यकाल के लिए पदासीन होगा और उसकी नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीशों से की जाएगी, जिनके पास कम से कम सात साल का अनुभव होगा या बहुत वरिष्ठ वकील होंगे, जिनके पास 20 साल से अधिक का अनुभव होगा।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

रूहानी दौलत सभी के लिए उपलब्ध है, चाहे उनकी बाहरी परिस्थितियाँ कैसी भी हों।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# भारी मतदान के बावजूद पलट गया समीकरण

बिहार में विधानसभा के लिए हुए चुनावों के नतीजे निश्चित तौर पर वहां की जनता का फैसला है, लेकिन हार-जीत के जैसे आंकड़े सामने आए, उसकी उम्मीद कम से कम वहां के विपक्षी दलों को बिल्कुल नहीं रही होगी। दो चरणों में हुए मतदान के बाद शुक्रवार को हुई मतगणना में न केवल सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को भारी जीत मिली, बल्कि ऐसा लगता है कि चुनावी मैदान में मुकाबला एकतरफा था।

हालांकि प्रचार के दौरान विपक्षी महागठबंधन को जैसा समर्थन मिलता दिखा था, उससे यही लगा कि चुनावी मुकाबला एकतरफा साबित नहीं होने वाला है और राजद-कांग्रेस तथा अन्य सहयोगी दलों का महागठबंधन चुनाव में राजग को एक मजबूत चुनौती देने वाला है। मगर अब आए नतीजों से यह साफ है कि बिहार के चुनावी मैदान में मतदाताओं को आकर्षित करने और उनका मत हासिल करने के मामले में सत्ताधारी गठबंधन के सामने कोई बड़ी चुनौती नहीं थी।

दूसरी ओर, विपक्ष की राजनीति और विधानसभा चुनावों में जीत के लिए किए गए प्रयासों के लिहाज से देखें तो ये नतीजे उनके लिए अप्रत्याशित हैं, क्योंकि प्रचार के दौरान सभाओं और रैलियों में उन्हें लोगों का जैसा व्यापक समर्थन मिलता दिखा था, वह शायद



वोट में तब्दील नहीं हो सका।

सवाल है कि विपक्ष की राजनीति के महारथी जनता के बीच दिखने वाले समर्थन के बरक्स जमीनी हकीकत का अंदाजा लगाने में नाकाम क्यों हुए! माना जा रहा है कि राज्य के मतदाताओं के सामने अलग-अलग राजनीतिक दलों की ओर से जो कुछ तात्कालिक लाभ के मुद्दे सामने रखे गए, लोगों ने उसी में से चुनाव के लिए अपनी प्राथमिकता तय की। मसलन, एक ओर बिहार सरकार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत चुनाव से ठीक पहले बड़ी संख्या में महिलाओं के खाते में तत्काल दस हजार रुपए भेजने की व्यवस्था की, तो दूसरी ओर, महागठबंधन ने हर परिवार के लिए सरकारी नौकरी सहित कई अन्य वादे किए। ऐसा लगता है कि राज्य के लोगों की राय पर भविष्य के लिए किए गए वादों के बजाय महिलाओं को तुरंत मिली आर्थिक राहत का मुद्दा ज्यादा भारी पड़ा और उसने चुनाव में मतदान के रुख को तय करने में एक प्रमुख कारक के रूप में काम किया। राजद और उसके सहयोगी दल शायद जनता को यह भरोसा दिला पाने में कामयाब नहीं हो सके कि सरकार बनने पर उनके वादे वास्तव में जमीन पर उतर सकेंगे।


इसके अलावा, बिहार में इस बार मतदान का जैसा आंकड़ा सामने आया, वह भी चौंकाने वाला था। जब दोनों चरणों में लगभग सड़सठ फीसद वोट पड़े, तब स्वाभाविक रूप से ऐसे आकलन सामने आने लगे कि इतना मतदान फीसद आमतौर पर सत्ता विरोधी लहर का संकेत देते हैं। मगर अब जैसे नतीजे सामने आए हैं, उसमें ज्यादा मत पड़ने के साथ जुड़ी सत्ता विरोधी लहर की धारणा एक तरह से खारिज होती दिखी। अब बिहार के मतदाताओं ने एक बार फिर से राजग सरकार के कामकाज और उससे पैदा उम्मीदों को अपना भारी समर्थन दिया है, वहीं विपक्षी दलों और खासतौर पर राजद के सामने आने वाले दिनों में अपनी पार्टी के मजबूत दखल को बचा पाने तक की चुनौती सामने होगी। मगर उम्मीद की जानी चाहिए कि स्पष्ट बहुमत के साथ बनने वाली सरकार के कामकाज आम जनता के व्यापक हित को ध्यान में रख कर संचालित होंगे और राजनीतिक मोर्चे पर राज्य में लोकतंत्र का जीवन पहले से ज्यादा बेहतर होगा।

# जन्म लेते ही छा गया बुढ़ापा! डॉक्टर भी हैरान

यह सोचकर ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं कि कोई मासूम बच्ची जन्म लेते ही बूढ़ी दिखाई देने लगे. लेकिन हकीकत में ऐसा एक हैरान कर

**जरा हट के**

देने वाला मामला सामने आया है, जिसने हर किसी को अंदर तक झकझोर दिया. ब्रिटेन की जारा हार्टशोर्न की कहानी बिल्कुल ऐसी ही है- दर्द, संघर्ष और उम्मीद से भरी कहानी. जन्म के समय जारा बिल्कुल स्वस्थ थीं, लेकिन कुछ ही सालों में उनकी त्वचा ढीली होने लगी और चेहरे पर झुर्रियां दिखाई देने लगीं. 8 साल की उम्र में वह 60 साल की महिला जैसी दिखने लगी थीं. स्कूल के बच्चे उन्हें 'दादी' और 'नानी' कहकर चिढ़ाते थे. लोग सड़क पर मुड़कर घूरते, और उनकी मां ट्रेसी को कई बार लोग जारा की बड़ी बहन समझ लेते थे. लेकिन, किसी को नहीं पता था



कि इन सबके पीछे छुपी है एक बेहद दुर्लभ और डरावनी बीमारी. आइए जानते हैं, आखिर कौन-सी बीमारी के कारण जारा बचपन में ही बूढ़ी दिखाई देने लगीं.

### वजह थी एक बहुत ही रेयर बीमारी.

जारा को Lipodystrophy नाम की रेयर बीमारी थी, जो 10 लाख में सिर्फ एक व्यक्ति को होती है. इसमें शरीर की फैट सेल्स खत्म हो जाती हैं और इंसान उम्र से बहुत बड़ा दिखने लगता है.यह बीमारी उनको अपनी मां से ही मिली थी, क्योंकि उनकी मां भी इसी दुर्लभ समस्या से जूझ चुकी थीं, हालांकि उनके लक्षण बहुत हल्के थे. जन्म के समय जारा बिल्कुल सामान्य और स्वस्थ थीं, लेकिन उम्र बढ़ने के साथ हालात बदलने लगे. सिर्फ चार साल की उम्र तक उनकी त्वचा ढीली पड़ने लगी, और आठ साल की होते-होते उनका चेहरा किसी 60 साल की महिला जैसा दिखाई देने लगा. सबसे दुख की बात यह थी कि इस बीमारी का कोई पक्का इलाज नहीं है, और समय के साथ यह शरीर के दिल, लिवर और किडनी जैसे जरूरी अंगों को भी प्रभावित कर सकती है.


**खाना-खजाना**

# टेस्टी टमाटर पुलाव

लंच के लिए अगर कुछ लाइट और टेस्टी बनाना चाहती हैं, तो आपको टमाटर के चावल खाने ट्राई करने चाहिए। इन्हें बनाने में समय नहीं लगता। इसलिए बिजी दिनों के लिए यह एक अच्छा विकल्प है। यह खाने में काफी टेस्टी भी होता है, इसलिए इसे बच्चे और घर के सभी लोग खाना पसंद करेंगे। आइए जानें टमाटर पुलाव बनाने की आसान रेसिपी।

**सामग्री :**

- 4 कप बासमती चावल
- 4 बड़े चम्मच तेल
- 3 डंठल करी पत्ता
- 1 बड़ा चम्मच सरसों के बीज
- 3 टमाटर
- 1 चम्मच चना दाल
- 1/4 कप कच्ची मूंगफली
- 1/2 चम्मच हींग
- 1 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 2 बड़े चम्मच घी
- 3 प्याज
- 2 बड़े चम्मच कटा हुआ अदरक
- 14 कप काजू
- 1/3 चम्मच हल्दी
- नमक स्वादानुसार
- 4 बड़े चम्मच कटी हुई धनिया पत्ती



**विधि :**

एक बड़े कटोरे में चावल लें। इसे 3-4 बार अच्छे से धोएं और फिर एक बार बहते पानी के नीचे धोएं। अब एक बरतन में 8 कप पानी डालकर उबाल लें। बरतन में चावल पकाएं। एक पैन में रिफाइंड तेल गरम करें। राई, चना दाल और कटी हुई अदरक डालें। इन्हें एक मिनट तक भूनें। अब इसमें मूंगफली डालें और पकने तक चलाते रहें। अब इसमें काजू, करी पत्ता और सबकुछ हींग डालें और अच्छे से मिला लें। अब इसमें कटा हुआ प्याज डालें और सुनहरा भूरा होने तक भूनें। अब इसमें स्वादानुसार नमक के साथ कटे हुए टमाटर डालें। टमाटरों को 6-8 मिनट तक या नरम होने तक पकाएं। अब इसमें कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर डालें और एक मिनट तक पकाएं। अंत में, मसाले को अच्छी खुशबू और स्वाद देने के लिए देसी घी डालें। अब टमाटर मसाले में उबले हुए चावल और बारीक कटी हरी धनिया डाल दीजिए। अच्छी तरह मिलाएं, आखिरी एक मिनट तक पकाएं और आंच बंद कर दें। टमाटर पुलाव तैयार हैं।


# 'सुपरफूड' से कम नहीं हैं रात भर भीगे अखरोट

### रोज खाने से मिलने लगेंगे 7 कमाल के फायदे

क्या आपको मालूम है कि अखरोट सिर्फ दिमाग को ही नहीं, बल्कि पूरे शरीर को चमत्कारी फायदे देने की ताकत रखता है? जी हां, रात भर भीगी हुई इसकी गिरी आपकी रोजाना की सेहत का सुपरचार्ज बटन बन सकती है। सही पढ़ा आपने! आइए जानते हैं कि अखरोट को भिगोकर खाने से कैसे इसके पोषक तत्व दोगुनी ताकत के साथ आपको 7 हैरतअंगेज फायदे देना शुरू कर देते हैं।

### भीगे हुए अखरोट क्यों हैं फायदेमंद?

अखरोट को भिगोने से उनके अंदर मौजूद फाइटिक एसिड कम हो जाता है। यह एसिड पोषक तत्वों को शरीर में पूरी तरह से घुलने से रोकता है। जब आप अखरोट भिगोते हैं, तो



शरीर के लिए विटामिन और मिनरल्स को अवशोषित करना आसान हो जाता है। रोजाना सुबह दो भीगे हुए अखरोट खाने से आपको 7 अद्भुत फायदे मिलने लगेंगे।

### दिल होगा मजबूत

अखरोट में गुड फैट पाया जाता है, जो खराब कोलेस्ट्रॉल (LDL) के स्तर को कम करने में सहायक है। यह आपके हृदय को स्वस्थ रखता है और दिल के रोगों के खतरे को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### तेज होगा दिमाग

अखरोट ओमेगा-3 फैटी एसिड का एक बेहतरीन स्रोत है। यह एसिड हमारे दिमाग की कोशिकाओं के लिए बहुत जरूरी है। रोजाना भीगे अखरोट खाने से आपकी याददाश्त तेज होती है और एकाग्रता बढ़ती है। यह विद्यार्थियों और उम्रदराज लोगों दोनों के लिए एक वरदान है।

### पेट रहेगा साफ और पाचन सुधरेगा

भीगे हुए अखरोट में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है। फाइबर आपके पाचन तंत्र को स्वस्थ रखता है और कब्ज की समस्या को दूर करने में मदद करता है। भीगने के बाद ये आसानी से पच जाते हैं, जिससे पेट हल्का और साफ महसूस होता है।

### नींद आएगी अच्छी और तनाव होगा कम

अखरोट एक प्राकृतिक हार्मोन, मेलाटोनिन के प्रोडक्शन में मदद करता है। यह हार्मोन हमारी नींद को नियंत्रित करता है। अगर आपको रात में नींद न आने की समस्या है, तो भीगे अखरोट खाने से तनाव कम होता है और आपको गहरी और आरामदायक नींद आने लगती है।

### वजन कंट्रोल करने में मददगार

अखरोट फाइबर और प्रोटीन से भरपूर होते हैं, जिन्हें खाने के बाद आपको लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस होता है। इससे आप बार-बार खाने से बचते हैं और धीरे-धीरे आपका वजन कंट्रोल होने लगता है।

### त्वचा बनेगी चमकदार और बाल होंगे मजबूत

इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन ई आपकी त्वचा को फ्री रेडिकल्स से बचाते हैं, जिससे आप लंबे समय तक जवां दिखते हैं। साथ ही, ओमेगा-3 फैटी एसिड आपके बालों को मजबूती देता है और उन्हें चमकदार बनाता है।

### हड्डियां बनेंगी ताकतवर

अखरोट में कैल्शियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस जैसे मिनरल्स होते हैं, जो हमारी हड्डियों को ताकतवर बनाने के लिए आवश्यक हैं। बुढ़ापे में हड्डियों की समस्याओं से बचने के लिए भीगे अखरोट का सेवन बहुत फायदेमंद है।

### अखरोट खाने का सही तरीका

रात को सोने से पहले 2 से 4 अखरोट की गिरी लें और उन्हें एक कटोरी पानी में भिगो दें। अगली सुबह, खाली पेट इन्हें चबा-चबाकर खाएं।

## आज का राशिफल

**मेष** : उत्साहवर्द्धक सूचना मिलेगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। फालतू खर्च होगा। बड़ा काम करने का मन बनेगा। कारोबार में लाभ होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड आदि मनोनुकूल लाभ देंगे। भाइयों का सहयोग मिलेगा। आत्मसम्मान बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लाभ होगा।

**वृषभ** : चोट व रोग से बाधा संभव है। झंझटों में न पड़ें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। समय अनुकूल है, लाभ लें। प्रमाद न करें। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा।

**मिथुन** : विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। कुसंगति से बचें। घर-परिवार की चिंता रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। आय बनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क** : डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। निवेशादि मनोनुकूल लाभ देंगे। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में लाभ बढ़ेगा। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर सुख-शांति बनी रहेगी।

**सिंह** : योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में कार्यभार तथा अधिकार दोनों बढ़ सकते हैं। बाहर जाने की योजना बनेगी। शत्रुओं का पराभव होगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कन्या** : कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल रहेगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। धन प्राप्ति सुगम होगी। नौकरी में चैन रहेगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। जल्दबाजी न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**तुला** : बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। काम करने की इच्छा नहीं होगी। विवाद से क्लेश संभव है। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। मेहनत अधिक और लाभ कम रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। घर में तनाव रह सकता है। दूसरे लोग आपसे अधिक अपेक्षा करेंगे।

**वृश्चिक** : स्वास्थ्य का ध्यान रखें। उत्साह की अधिकता तथा व्यस्तता रहेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। कारोबार ठीक चलेगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है, लाभ लें। घर-बाहर सभी ओर से सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**धनु** : स्थायी संपत्ति में वृद्धि हो सकती है। प्रॉपर्टी के कामकाज बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में प्रशंसा मिलेगी। रोजगार मिलेगा। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। पार्टनरों से मतभेद दूर होंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। लापरवाही न करें।

**मकर** : रचनात्मक कार्य पूर्ण व सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन होगा। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी। व्यस्तता रहेगी। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। घर-बाहर सभी ओर से सफलता तथा प्रसन्नता प्राप्त होगा।

**कुंभ** : विवाद को बढ़ावा न दें। किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। दु:खद समाचार मिल सकता है। बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें। दौड़धूप अधिक होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग कम मिलेगा। कार्य की अधिकता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**मीन** : मेहनत का फल पूरा-पूरा मिलेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। बड़ा काम करने का मन बनेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। भाग्य अनुकूल रहेगा। रुके कार्य पूरे होंगे। प्रसन्नता रहेगी।


-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# करोंदा खून की कमी करे दूर

गोल-गोल छोटे आकार का गुलाबी और सफेद रंग का करोंदा फल की श्रेणी में आता है, जो स्वाद में खट्टा होता है. आमतौर पर लोगों को लगता है कि करौंदा एक सब्जी है, लेकिन ऐसा नहीं है. यह स्वस्थ रहने के लिए बेहद फायदेमंद होता है. इसके सेवन से शरीर की इम्यूनिटी बूस्ट होती है. पाचन तंत्र दुरुस्त होता है. करोंदा बाल और त्वचा के लिए भी बेहद फायदेमंद है. साल के तीन महीने ही ये फल मिलता है. ऐसे में करोंदा के फायदे जानकर आप जरूर करें सेवन...

### करोंदा के फायदे

-नियमित रूप से करोंदा खाने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है. पाचन तंत्र सही से काम करता है. इससे पेट संबंधित समस्याएं नहीं होती हैं. त्वचा और बाल स्वस्थ रहते हैं. हार्ट और मेंटल हेल्थ भी सही बना रहता है.



-करोंदा में कई तरह के पोषक तत्व होते हैं, जैसे फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी. करोंदा खाने से कई तरह के इंफेक्शन से लड़ने में मदद मिलती है. वहीं, इसमें मौजूद फाइबर पाचन के लिए बहुत अच्छा है. यह कब्ज, पेट दर्द और गैस जैसी परेशानियों से राहत दिलाता है.

-त्वचा और बालों के लिए भी करोंदा लाभकारी है. इसमें मौजूद विटामिन सी कोलेजन के निर्माण में मदद करता है, जिससे त्वचा जवान और चमकदार बनी रहती है. बाल भी मजबूत होते हैं. इसके अलावा, करोंदा ब्लड शुगर लेवल को भी कंट्रोल करता है. ऐसे में डायबिटीज के मरीजों को यह जरूर खाना चाहिए.

-करोंदे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और कुछ अन्य कम्पाउंड इंफ्लेमेशन को कम करने में सहायक हैं. इससे हार्ट की सेहत भी बेहतर बनी रहती है, क्योंकि यह रक्तचाप को नियंत्रित करने और हार्ट की मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करता है.

-आयरन के अवशोषण को बढ़ाता है. इससे एनीमिया से बचे रह सकते हैं. मेंटल हेल्थ के लिए भी यह लाभकारी है. इसमें मैग्नीशियम और सेरोटोनिन के प्रोडक्शन को बढ़ाने वाले गुण मौजूद होते हैं. इसके सेवन से मूड बेहतर होता है. मानसिक ताजगी बनाए रखने में मदद करते हैं.

### करोंदे के सेवन का सही तरीका

करोंदे का सेवन आप कई तरह से कर सकते हैं. इसकी चटनी बनाई जाती है. करोंदे का अचार भी बहुत टेस्टी होता है. साथ ही मुरब्बा या शरबत के रूप में भी इसका सेवन किया जा सकता है. यह खाने में हल्का खट्टा और स्वादिष्ट होता है.

# पावरहाउस है 'आंवला'

### सर्दी, दमा, अस्थमा व जोड़ों के दर्द का भी काल

ठंड में आंवला खाने के अनेक फायदे, एम्युनिटी सिस्टम बढ़ाने के साथ साथ ये हमारे शरीर के कई प्रकार के लाभ मिलता है. वहीं आप घर में भी बना सकते है आंवला के जूस, आंवला के मुरब्बा, और आंवला के आचार, ये सभी प्रकार से आप आंवला का सेवन कर सकते हैं और अपने प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सकते हैं,जानिए आंवला के खाने के फायदे के बारे में विशेषज्ञ ने क्या बताया है. आयुष चिकित्सक पी बी दीवान ने बताया की आयुर्वेद में आंवला को रसायन कहा गया है. रसायन का मतलब यह है कि आंवला शरीर का स्वास्थ्य को बनाए रखते हैं. हमें बीमारी को शरीर के पास आने नहीं देता है इसलिए इसे रसायन कहते हैं, आयुर्वेद में भोजन के छह रसों का उल्लेख है. आंवला एक ऐसा फल है जिसमें छह तरह के स्वाद एक साथ पाए जाते हैं. खाने की हर चीज में हर स्वाद उपलब्ध नहीं होता, लेकिन आंवला एकमात्र ऐसा फल है, जिसमें सडरस, यानी छह तरह के रस उपलब्ध हैं, आंवला खाने से इम्युनिटी शक्ति जिसे रोग प्रतिरोधक



क्षमता कहते है उसकी वृद्धि होती है.

### आंवला खाने के तरीका और सही समय

आंवला को कई तरह से खाया जा सकता है, जैसे कि आंवला का मुरब्बा, आंवला का अचार, यह कच्चे आंवले की चटनी के रूप में खाया जा सकता है, आंवला का उपयोग औषधि के रूप में किया जा सकता है. हालांकि आंवला के सेवन हर मौसम में कर सकते है, लेकिन ठंड में शरीर के लिए बहुत ही खास होता है. अगर आप अपने आहार में आंवला शामिल करते हैं, तो आपको इसका ज़्यादा से ज़्यादा फ़ायदा मिल सकता है और बताया की ठंड के मौसम में सर्दी, खांसी, दमा, अस्थमा, एलर्जी की समस्या, जोड़ों का दर्द, पीठ दर्द इस तरह की समस्या आती है, जिसमें अगर आप अपने आहार में आंवला का निरंतर उपयोग करते हैं, ये सब से खुद को बचाव कर सकते हैं.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# बिहार में NDA की शानदार जीत

## खबरें गांव की...

### खीरी में युवक की चाकू घोंपकर हत्या, गुस्साए ग्रामीणों ने किया हंगामा, रोड पर लगाया जाम

**लखीमपुर खीरी.** यूपी के लखीमपुर खीरी के पढ़ुआ गांव में शुक्रवार की रात चाकू घोंपकर एक युवक की हत्या कर दी गई। आक्रोशित लोगों को समझाने में पुलिस लगी हुई है। घटना पढ़ुआ थाने के पढ़ुआ निवासी संतोष के 19 वर्षीय पुत्र आदर्श और 17 वर्षीय एक किशोर के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी। आरोप है कि शुक्रवार रात आरोपी ने आदर्श के पेट में चाकू घोंप दिया। चाकू लगने से आदर्श घायल हो गया। उसकी आंतें तक बाहर आ गई। परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी रमियाबेहड़ ले गए। जहां के डाक्टरों ने हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया है। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।इस घटना को लेकर परिजन शनिवार को भड़क गए और हंगामा करने लगे।

### बीवी की हत्या करने के बाद पति ने की खुदकुशी

**रायबरेली.** यूपी के रायबरेली एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां शुक्रवार देर रात एक युवक ने बांके से बीवी की गला काटकर हत्या कर दी। इस घटना को अंजाम देने के बाद पति ने भी फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शनिवार सुबह जब घर का दरवाजा देर तक नहीं खुला तब इसकी जानकारी पड़ोसियों को हुई। उधर, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। ये घटना खीरों थाना क्षेत्र के सुरजीपुर निहस्थ गांव का है। यहां रहने वाले 32 वर्षीय भीमराज उर्फ भीकू बीते शुक्रवार को अपने तीन बच्चों को ससुराल में छोड़ आया। घर पर उसकी 28 वर्षीय पत्नी सोनी देवी अकेले थी। रात के समय पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ तो पति ने बांके से पत्नी का गला काटकर हत्या कर दी। पत्नी की हत्या के बाद पति भी फांसी पर झूल गया।

### पति की खुदकुशी के पांच दिन बाद पत्नी ने भी लगाई फांसी, सदमा नहीं कर पाई बर्दाशत

**प्रयागराज.** यूपी के प्रयागराज में पति और पत्नी साथ जिए और साथ मर गए। पति की मौत का सदमा पत्नी बर्दाशत नहीं कर पाई और खुद भी फांसी के फंदे से झूल गई। महिला पति की मौत के बाद से ही डिप्रेशन में थी। पांच दिन बाद उसने खुद भी फांसी लगा ली। बताया जा रहा है कि होलागढ़ इलाके के सराय तालुके सहाबपुर गांव में गुरुवार रात महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। बता दें कि महिला के पति ने पांच दिन पूर्व फांसी लगाकर जान दे दी थी। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। मामले में मिली जानकारी के अनुसार होलागढ़ थाना क्षेत्र के सराय तालुके सहावपुर गांव निवासी 24 वर्षीया अमिषा गुप्ता पत्नी राजेश कुमार गुप्ता गुरुवार रात घर के अंदर कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया है।

### बहन की आत्महत्या का बदला लेने के लिए की इंद्र की हत्या, दो सगे भाई गिरफ्तार

**अमरोहा.** यूपी के अमरोहा मेंबहन के सुसाइड का बदला लेने के लिए दो सगे भाइयों ने इंद्र का मर्डर किया था। मचान पर पिटाई के बाद इंद्र की गला दबाकर हत्या की गई फिर मामले को सुसाइड का रंग देने के लिए पेड़ से लटका दिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए यह खुलासा किया है। एसपी ने खुलासा करने वाली टीम को 15 हजार रुपये का इनाम भी दिया है। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि बीती दो नवंबर की रात घर से खेत पर फसल की रखवाली के लिए निकले कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी 45 वर्षीय किसान इंद्र सिंह का शव चार नवंबर की सुबह गांव के नजदीक ही वन विभाग के जंगल में कीकर के पेड़ पर लटका मिला था।

---

- **महागठबंधन 35 पर ही सिमटा**
- **NDA को सीटें छप्परफाड़**



पटना. बिहार चुनाव के नतीजों में एनडीए को बंपर जीत मिली है। बीजेपी पहली बार राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बीजेपी को 89 जबकि जेडीयू को 85 सीटें मिली हैं। महागठबंधन को बड़ी हार का सामना करना परा है। आरजेडी को सिर्फ 25 सीटें मिली है। वहीं, एनडीए की सहयोगी लोजपा R को 19 सीटों पर जीत हासिल हुई है। हम को 5 सीट तो आरएलएम 4 सीट मिली है। कांग्रेस को महज 6 सीटों से संतोष करना परा है। औवेसी की पार्टी ने 5 सीटें जीत ली है। सीपीआई (ML) को 2 सीट जबकि सीपीआई (M) को 1 सीट मिली है। इसके अलावा, IIP को 1 और बसपा को भी 1 साट मिली है। पीके की जन सुराज को एक भी सीट नहीं मिली है।

बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने इस बार कम सीट पर चुनाव लड़ने के बावजूद अपने वोट प्रतिशत में बढ़ोतरी दर्ज की है, जो बेहतर बूथ प्रबंधन और मतदाताओं में सत्ता-विरोधी लहर के सीमित असर का संकेत देता है. चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, भाजपा का वोट प्रतिशत 2020 के 19.46 प्रतिशत से बढ़कर इस बार 20.07 प्रतिशत हो गया, जबकि पार्टी ने पिछली बार की 110 सीट की तुलना में इस बार 101 पर चुनाव लड़ा था,

जदयू ने भी इस चुनाव में उल्लेखनीय बढ़त दर्ज की. उसका वोट प्रतिशत 2020 के 15.39 प्रतिशत से बढ़कर 19.26 प्रतिशत हो गया. जदयू ने 2020 में 115 सीट पर मुकाबला किया था, जबकि इस बार उसने 101 सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे. हालांकि, वोट प्रतिशत के मामले में राजद टॉप पर है. राजद ने इस चुनाव में सबसे अधिक 141 सीट पर उम्मीदवार उतारे और उसे 23 प्रतिशत वोट मिले. यह उसके पिछले वोट शेयर 23.11 प्रतिशत की तुलना में मामूली गिरावट है.पिछली बार पार्टी 144 सीट पर चुनाव लड़ी थी.

एनडीए का हिस्सा बनी चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) को कुल वोट का 4.98 प्रतिशत मिला, जबकि 2020 में अविभाजित लोजपा का वोट शेयर 5.66 प्रतिशत था। उस समय लोजपा 135 सीट पर लड़ी थी, जबकि इस बार एलजेपी (आरवी) ने 28 सीट पर मुकाबला किया.

'इंडिया' गठबंधन के अन्य दलों में कांग्रेस का वोट प्रतिशत 2020 के 9.48 प्रतिशत से घटकर 8.72 प्रतिशत रह गया. कांग्रेस पिछली बार 70 सीट पर लड़ी थी, जबकि इस बार उसने 61 सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे.

भाकपा (माले) लिबरेशन का वोट प्रतिशत भी 3.16 प्रतिशत से घटकर 2.84 प्रतिशत हो गया. असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम, जिसने इस बार स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ा, को कुल वोट का लगभग दो प्रतिशत मिला। 2020 में उसका वोट शेयर 1.24 प्रतिशत था.

### उम्मीदों से परे रिजल्ट

महागठबंधन और एनडीए की फाइट में उम्मीदों से परे रिजल्ट आया. एनडीए की आंधी में महागठबंधन धड़ाम हो गया. नीतीश कुमार और मोदी की जोड़ी सुपरहिट रही. इस जोड़ी के सामने तेजस्वी यादव और राहुल गांधी की जोड़ी कहीं नहीं टिकी. एनडीए ने शुक्रवार को बिहार विधानसभा चुनाव में अप्रत्याशित प्रदर्शन करते हुए अपने अब तक के सर्वश्रेष्ठ नतीजों में से एक दर्ज किया और राजद नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन को करारी हार दी. एनडीए की इस ऐतिहासिक जीत को 'ब्रैंड मोदी नीतीश' के रूप में देखा जा रहा है. इसके उलट, विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन 34 सीट पर सिमट गया. बिहार चुनाव परिणामों में एनडीए की जीत का फैलाव ऐसा था कि चुनाव आयोग द्वारा जारी बिहार का चुनावी नक्शा हल्के हरे, केसरिया, जामुनी, नेवी ब्लू और सेरुलेन ब्लू रंगों से लगभग भर गया, जबकि 'इंडिया' गठबंधन के रंग सिर्फ छिटपुट रूप में दिखाई दिए. चुनाव नतीजों ने संकेत दिया कि मतदाताओं का भरोसा अब भी 'ब्रैंड नीतीश' पर कायम है. 2005 से अब तक विभिन्न चुनावों में किए गए वादों को पूरा करने का उनका रिकॉर्ड जनता के विश्वास का केंद्र रहा.

### बिहार विधानसभा चुनाव के अंतिम परिणाम:

**कुल सीट-243**

| | |
|---|---|
| **एनडीए** | **202** |
| भाजपा | 89 |
| जदयू | 85 |
| लोजपा (आरवी) | 19 |
| हम (एस) | 5 |
| आरएलएम | 4 |
| **महागठबंधन** | **34** |
| राजद | 25 |
| कांग्रेस | 6 |
| भाकपा (माले) लिबरेशन | 2 |
| माकपा | 1 |
| **अन्य** | |
| एआईएमआईएम | 5 |
| बसपा | 1 |
| आईआईपी | 1 |

---

## बिहार ने साफ किया बंगाल का रास्ता

### भाजपा पश्चिम बंगाल से भी जंगल राज उखाड़ फेंकेगी- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली.** बिहार में NDA को मिले ऐतिहासिक जनादेश के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने मंच पर आते ही 'छठी मैया की जय' के नारों के साथ अपना संबोधन शुरू किया और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, चिराग पासवान, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी को जीत की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने अगले साल होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर भी भाजपा के रोडमैप का जिक्र किया। साथ ही मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशान साधा।



अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ममता बनर्जी को बड़ा संदेश देते हुए कहा कि बिहार की जनता ने बता दिया कि बिहार के बाद अब बंगाल की बारी है। उन्होंने कहा कि गंगा जी बिहार से बहकर बंगाल तक पहुंचती हैं, बिहार ने बंगाल में भाजपा की विजय का रास्ता बना दिया है। भाजपा पश्चिम बंगाल से भी जंगल राज उखाड़ फेंकेगी। इस दौरान उन्होंने जम्मू-कश्मीर और उड़ीसा उपचुनाव में भाजपा को मिली जीत पर मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज की यह जीत एक नई यात्रा की शुरुआत है और बिहार ने जो भरोसा दिया है, उससे जिम्मेदारी और बढ़ गई है। उन्होंने बिहार के लिए आने वाले वर्षों का नक्शा भी प्रस्तुत किया, इसके तहत उन्होंने जोर दिया कि हमारी सरकार बिहार में अगले पांच वर्षों में तेज गति से विकास करेगी राज्य में नए उद्योग लगेंगे। युवाओं को बिहार में ही रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

---

## श्रीनगर थाने में धमाका 9 मौतें, 32 घायल

- **फरीदाबाद से जब्त विस्फोटक का सैम्पल लेते समय ब्लास्ट**
- **DGP बोले- यह सिर्फ हादसा**



**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में नौगाम पुलिस स्टेशन में शुक्रवार रात करीब 11:22 बजे बड़ा धमाका हुआ। 9 लोगों की मौत हो गई है, 32 लोग घायल हैं। इनका 92 आर्मी बेस और SKIMS सौरा हॉस्पिटल में इलाज जारी है।

अधिकारियों के मुताबिक, ब्लास्ट उस समय हुआ जब पुलिस व्हाइट कॉलर आतंकी मॉड्यूल मामले में जब्त विस्फोटक के सैंपल ले रही थी। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या पुलिस स्टेशन में पूरा 360 किलो विस्फोटक रखा गया था या फिर कुछ हिस्सा ही लाया गया था।

जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात ने कहा कि, यह एक हादसा था। सैंपलिंग के वक्त ब्लास्ट हुआ। मारे गए 9 लोगों में से एक इंस्पेक्टर, 3 फॉरेंसिक टीम मेंबर, 2 क्राइम ब्रांच फोटोग्रॉफर, 2 राजस्व अधिकारी और एक दर्जी शामिल है। दरअसल यह विस्फोटक हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल गनई के किराए के घर से जब्त किया गया था। गनई को दिल्ली ब्लास्ट केस में पहले ही अरेस्ट किया जा चुका है। 10 नवंबर को दिल्ली में लाल किला के पास कार ब्लास्ट में 13 लोगों की मौत हो गई थी।

---

## नीतीश कुमार ही बनेंगे बिहार के अगले CM

- **PM मोदी ने भी दे दिए संकेत**

**पटना.** बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) की भारी जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे "सुशासन की जीत" करार देते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व की खुलकर सराहना की। यह बयान राजनीतिक रूप से बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि चुनाव के दौरान विपक्ष लगातार दावा कर रहा था कि भाजपा नीतीश कुमार को दोबारा मुख्यमंत्री नहीं बनाएगी।

पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर पोस्ट किया, 'सुशासन की जीत हुई है। विकास की जीत हुई है। जन-कल्याण की भावना की जीत हुई है। सामाजिक न्याय की जीत हुई है। बिहार के मेरे परिवारजनों का बहुत-बहुत आभार, जिन्होंने 2025 के विधानसभा चुनावों में एनडीए को ऐतिहासिक और अभूतपूर्व जीत का आशीर्वाद दिया है। यह प्रचंड जनादेश हमें जनता-जनार्दन की सेवा करने और बिहार के लिए नए संकल्प के साथ काम करने की शक्ति प्रदान करेगा।'




पीएम मोदी आगे लिखते हैं, 'एनडीए ने राज्य का चौतरफा विकास किया है। लोगों ने हमारे ट्रैक रिकॉर्ड और राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के हमारे विजन को देखकर हमें भारी बहुमत दिया है। मैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी और एनडीए परिवार के हमारे सहयोगी चिराग पासवान जी, जीतन राम मांझी जी और उपेंद्र कुशवाहा जी को इस जबरदस्त जीत के लिए हार्दिक बधाई देता हूं।₹

नीतीश कुमार को उनके समर्थक "सुशासन बाबू" के नाम से जानते हैं। पिछले दो दशकों में कानून-व्यवस्था, सड़क निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य और महिला उत्थान जैसे क्षेत्रों में बदलाव की वजह से उन्हें यह उपनाम मिला है। प्रधानमंत्री मोदी का यह बयान NDA के भीतर नेतृत्व को लेकर उठ रहे सवालों पर सीधा जवाब माना जा रहा है।

विपक्ष ने चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि भाजपा नीतीश कुमार को किनारे कर अपनी सरकार बनाएगी, लेकिन परिणामों के बाद पीएम मोदी के संदेश ने इन सभी अटकलों को शांत कर दिया। NDA की जीत के बाद अब बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर सरकार बनने का रास्ता साफ माना जा रहा है।

---

## अल फलाह यूनिवर्सिटी पर और कसा शिकंजा




- **जमीन की पैमाइश शुरू, भूमि अधिग्रहण में गड़बड़ी का शक**

**नई दिल्ली.** दिल्ली में लाल किले के पास हुए आतंकी हमले के बाद फरीदाबाद के धौज गांव में स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी पर सरकार और एजेंसियों ने शिकंजा कस दिया है। आतंकी गतिविधियों का केंद्र बनी अल फलाह यूनिवर्सिटी की जमीन की जिला नगर योजनाकार इन्फोर्समेंट की टीम ने पैमाइश शुरू कर दी। करीब एक घंटे तक टीम ने पैमाइश के साथ प्रबंधन से रिकॉर्ड भी तलब किया। बताया जा रहा है कि पैमाइश करने का आदेश हरियाणा सरकार ने जारी किया है। टीम की ओर से यूनिवर्सिटी प्रबंधन से भी सारा रिकॉर्ड मांगा गया है। अब टीम पूरी रिपोर्ट तैयार करके सरकार को भेजेगी। इस पैमाइश का मकसद ये पता लगाना है कि 70 एकड़ के विशाल इलाके में फैली इस यूनिवर्सिटी के लिए भूमि अधिग्रहण में कोई धांधली तो नहीं हुई?

### साल 2014 में कांग्रेस राज में मिली थी मान्यता

अल फलाह यूनिवर्सिटी की शुरुआत 1997 में एक इंजीनियरिंग कॉलेज के रूप में हुई थी। 2013 में अल-फलाह इंजीनियरिंग कालेज को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल (नैक) से 'ए' कैटेगरी की मान्यता प्राप्त हुई। अल-फलाह मेडिकल कॉलेज भी इसी यूनिवर्सिटी से संबद्ध है। हरियाणा सरकार ने 2 मई 2014 को हरियाणा प्राइवेट यूनिवर्सिटी बिल (2006) में संशोधन कर इसे प्राइवेट यूनिवर्सिटी के रूप में मान्यता प्रदान दी थी। उस समय राज्य में कांग्रेस की सरकार थी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा मुख्यमंत्री थे। हरियाणा प्राइवेट यूनिवर्सिटी संशोधित बिल (2014) के माध्यम से तब राज्य में 17 निजी विश्वविद्यालयों को मंजूरी दी गई थी।

---

## वैभव सूर्यवंशी ने 32 गेंद पर शतक लगाया




- **एमर्जिंग एशिया कप में UAE के खिलाफ 144 रन बनाए**

14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने एमर्जिंग एशिया कप में 32 गेंद पर शतक लगा दिया। उन्होंने इंडिया-ए से खेलते हुए UAE के खिलाफ 42 गेंद पर 144 रन की पारी खेली। इंडिया-ए ने दोहा में शुक्रवार को टॉस जीतकर बैटिंग चुनी और 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 297 रन बना दिए। UAE की टीम 149 रन ही बना सकी।

### वैभव ने 15 छक्के लगाए

वेस्ट एंड पार्क इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में पहले बैटिंग करने उतरी इंडिया-ए ने दूसरे ही ओवर में विकेट गंवा दिया। प्रियांश आर्य 6 गेंद पर 10 रन बनाकर रन आउट हुए। तीसरे नंबर पर नमन धीर उतरे। वे एक एंड पर टिके रहे, दूसरे एंड पर वैभव ने 32 गेंद पर शतक लगा दिया। नमन 12वें ओवर में 34 रन (23 गेंद) बनाकर आउट हुए। उन्होंने 3 चौके और 2 छक्के लगाए। नमन के आउट होने के बाद कप्तान जितेश शर्मा ने पारी संभाली, लेकिन दूसरे एंड पर वैभव 144 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और 15 छक्के लगाए।

### जितेश ने 300 के करीब पहुंचाया

भारत ने 16 ओवर में 4 विकेट खोकर 235 रन बना लिए थे। नेहल वढेरा 14 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान जितेश ने रमनदीप सिंह के साथ मिलकर स्कोर 300 के करीब पहुंचा दिया जितेश ने 32 गेंद पर 83 रन बनाए। रमनदीप 6 रन बनाकर नॉटआउट रहे।


UAE के लिए मोहम्मद फराजुद्दीन, अयान अफजल खान और मोहम्मद अरफान ने 1-1 विकेट लिया। मुहम्मद रोहिद, मुहम्मद अरफान और हर्षित कौशिक कोई विकेट नहीं ले सके।

---

## दिल्ली ब्लास्ट में पठानकोट से डॉक्टर गिरफ्तार

### अल-फलाह यूनिवर्सिटी में कर चुका काम

**नई दिल्ली.** दिल्ली ब्लास्ट की साजिश सिर्फ हरियाणा में ही नहीं रची गई थी, बल्कि पंजाब तक इसके तार जुड़े थे। इस मामले में अब पंजाब के पठानकोट के मामून कैंट में काम करने वाले एक डॉक्टर को इंटेलिजेंस ब्यूरो के इनपुट पर गिरफ्तार किया गया है। शनिवार देर रात उसे पकड़ा गया। उसकी पहचान जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग के रहने वाले 45 वर्षीय रईस अहमद भट्ट के रूप में हुई है। वह 4 साल फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी में भी काम कर चुका है और अब भी इस यूनिवर्सिटी के अपने कई फेलो के संपर्क में था। यह भी पता चला है कि डॉक्टर रईस भट्ट का दिल्ली विस्फोट के मुख्य आरोपी डॉक्टर उमर के साथ भी संपर्क था। डॉ. रईस अहमद भट्ट को किस जांच एजेंसी ने गिरफ्तार किया है, ये अभी तक पता नहीं चला है। यहां तक कि लोकल पुलिस को भी इसकी भनक नहीं लगी। लेकिन पठानकोट के इस मेडिकल कॉलेज के प्रबंधक ने गिरफ्तारी की पुष्टि की है। पठानकोट के मामून कैंट इलाके में व्हाइट मेडिकल कॉलेज है। यहां के प्रबंधक स्वर्ण सलारिया ने बताया कि डॉ. भट्ट को देर रात अज्ञात एजेंसी की ओर से गिरफ्तार किया गया। वह यहां तीन साल से बतौर सर्जन काम कर रहा था। वह एमबीबीएस, एमएस, एफएमजी और सर्जरी का प्रोफेसर था।



---

## लाल किले पास धमाके से अंदर तक हिली धरती

- **मेट्रो स्टेशन से आई CCTV फुटेज**

**नई दिल्ली.** दिल्ली के लाल किले के पास हुए भीषण कार ब्लास्ट से पहले और बाद के पलों की एक नई CCTV फुटेज सामने आई है, जिसने धमाके की तीव्रता और उसके प्रभाव को बेहद स्पष्ट कर दिया है। यह फुटेज लाल किला मेट्रो स्टेशन के अंदर लगे सर्विलांस कैमरों से प्राप्त हुई है। फुटेज में शुरू में यात्रियों की सामान्य आवाजाही दिखती है। कुछ ही सेकंड बाद एक तेज कंपन और झटके के साथ पूरा स्टेशन हिलता दिखाई देता है।

यह वही क्षण था जब मेट्रो स्टेशन के बाहर ट्रैफिक सिग्नल के पास खड़ी कार में विस्फोट हुआ। स्टेशन के अंदर रखी वस्तुएं हिलने लगीं और कई यात्री अचानक घबराकर पीछे की ओर भागते दिखाई दिए।

---

## पूर्वजों के मोक्ष के लिए मां ने ही मार डाले 2 मासूम

**नवसारी.** गुजरात के नवसारी जिले में एक बेहद हैरान और परेशान करने वाली घटना सामने आई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एक बेरहम मां ने कथित तौर पर अपने पूर्वजों को मोक्ष दिलाने के लिए अपने दो नाबालिग बेटों की हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपने ससुर की भी हत्या करने की कोशिश की, जिन्होंने किसी तरह घर से बाहर भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना गुरुवार रात नवसारी जिले के बिलिमोरा कस्बे के देसरा इलाके में एक फ्लैट में हुई। पुलिस ने हत्या की आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया है, जो मूलरूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली है।

---

### आम सूचना

मैं कमलुद्दीन जलालुद्दीन कुरेशी सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, गौतम नगर, सेंचुरी कालोनी के पीछे, जलालुद्दीन हाउस के पास, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 10एओ021052300) उक्त प्रॉपर्टी नजर मोहम्मद इस्माइल शेख के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 13.11.2025 सी.नं. 3762/2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**कमलुद्दीन जलालुद्दीन कुरेशी**

### आम सूचना

मैं श्री गणेश आर. शेट्टी सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम, बैरक नं. 1385 के पीछे, बैरक नं. 1497 के सामने, अलंकार सोसायटी के पास, वीनस टॉकीज के पीछे, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 41सीआय009440800) उक्त प्रॉपर्टी साजी डेनियल फिलिपोसे के नाम पर है। श्री प्रकाश सुंदर उभहारे से सेल एग्रीमेंट दि. 8.9.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री गणेश आर. शेट्टी**

### आम सूचना

मैं श्रीमती माया कमल पंजवानी सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 502, पांचवा माला, विधि अपार्टमेंट, बैरक नं. 1253, रुम नं. 3,4,5, बैरक नं. 1253, पेट्रोल पंप के सामने, उल्हासनगर- 4. (टैक्स नं. 43सीआय009888700) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती वैशाली गजानन जाधव के नाम पर है। श्रीमती सुनिता अर्जुनदास वसीटा से सेल एग्रीमेंट दि. 24.11.2010 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती माया कमल पंजवानी**

### आम सूचना

मैं श्री मगरूफ इलाम शेख सभी को सूचित कर रहा हूं कि पोर्शन आफ रुम, सम्राट अशोक नगर, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 38बीओ006972400(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री महेंद्रनाथ गंगाधर दुबे के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 11.11.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री मगरूफ इलाम शेख**

### आम सूचना

मैं श्री नजीर हिदायत अंसारी सभी को सूचित कर रहा हूं कि पोर्शन आफ रुम, सम्राट अशोक नगर, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 38बीओ006972400(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री महेंद्रनाथ गंगाधर दुबे के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 11.11.2025 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री नजीर हिदायत अंसारी**

## संक्षेप...

### तलोजा में ड्रग रैकेट का भंडाफोड़

**नवी मुंबई.** नवी मुंबई को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार एंटी नारकोटिक्स स्क्वाड ने तलोजा इलाके में एक फ्लैट पर छापा मारकर ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया है. इस कार्रवाई में पुलिस ने दो भाइयों, नवजोत सिंह उर्फ विक्की रंधावा (34) और गुरजोत सिंह उर्फ सनी रंधावा (32) को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने उनके पास से 1 करोड़ 17 लाख 19 हजार रुपए की हेरोइन और अफीम जब्त किया है.

# दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर खुलने पर ट्रैफिक जाम से मुक्ति- सांसद म्हस्के



**ठाणे.** घोड़बंदर रोड सभी राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण सड़क है। मार्च 2026 में दिल्ली-मुंबई फ्रेट कॉरिडोर खुलने के बाद, जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह से अधिकांश कंटेनर यातायात इसी मार्ग से जाएगा। सांसद नरेश म्हस्के ने कहा कि इससे घोड़बंदर रोड पर भारी वाहनों की संख्या में उल्लेखनीय कमी आएगी।

घोड़बंदर रोड और उसके आसपास की विभिन्न समस्याओं और लंबित मुद्दों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को सांसद नरेश म्हस्के की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मनपा मुख्यालय, स्वर्गीय अरविंद पेंडसे हॉल में आयोजित बैठक में मनपा आयुक्त सौरभ राव, अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी, शहर अभियंता प्रशांत सोनागरा, पुलिस उपायुक्त (यातायात) पंकज शिरसाट, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी हेमांगिनी पाटिल, पूर्व नगरसेवक सिद्धार्थ ओवालेकर, ठाणे मनपा, मेट्रो, एमएमआरडीए, लोक निर्माण विभाग, महावितरण, क्षेत्रीय परिवहन विभाग के अधिकारी, घोड़बंदर रोड के लिए न्याय संगठन के प्रतिनिधि, घोड़बंदर रोड क्षेत्र में आवास परिसरों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

यह बैठक सभी प्रणालियों के समन्वय से घोड़बंदर रोड क्षेत्र की समस्याओं का समाधान खोजने के लिए आयोजित की गई है। मुख्य समस्या सड़कों की है, और गड्ढों और पैचवर्क के उबड़-खाबड़ होने के कारण दुर्घटनाएँ होती हैं। फ्लाईओवर पर सड़क की स्थिति अच्छी नहीं है। सांसद म्हस्के ने इस बैठक में तत्काल उपाय करने के निर्देश दिए।

उन्होंने यह भी कहा कि एमएमआरडीए और लोक निर्माण विभाग इस मरम्मत कार्य को तुरंत करें। इसे 10 दिसंबर तक पूरा किया जाना चाहिए। दिल्ली-मुंबई फ्रेट कॉरिडोर का काम मार्च तक पूरा हो जाएगा। इसलिए, कंटेनरों का 30 से 35 प्रतिशत भार उसी मार्ग पर जाएगा। साथ ही, अगर खानीवाड़े से अमने तक के मिसिंग लिंक को जोड़ दिया जाए, तो घोड़बंदर रोड पर भार और कम हो जाएगा। इसके लिए मनपा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के साथ संपर्क में है। सांसद म्हस्के ने इस मामले में तेजी लाने के लिए ठाणे जिला कलेक्टर के साथ जल्द ही एक बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

साथ ही, मनपा घोड़बंदर रोड और अन्य सड़कों को स्वीकृत करने के लिए तैयार है। हालाँकि, हस्तांतरण से पहले, जिन एजेंसियों के पास वर्तमान में इस सड़क का प्रभार है, उन्हें उन सड़कों को अच्छी स्थिति में रखना होगा। तभी मनपा उनका नियंत्रण अपने हाथ में लेगी, ऐसा इस बैठक में मनपा आयुक्त सौरभ राव ने बताया।

पुलिस उपायुक्त (परिवहन) पंकज शिरसाट ने नागरिकों से अपील की कि यदि उन्हें यातायात, रिक्शा आदि से संबंधित कोई भी शिकायत है, तो वे महायातायात पुलिस में अपनी शिकायत दर्ज कराएँ। इस बैठक में, जस्टिस फॉर घोड़बंदर रोड नामक संस्था के प्रतिनिधियों और क्षेत्र के नागरिकों ने घोड़बंदर क्षेत्र की आंतरिक सड़कों, जलापूर्ति, सफाई, यातायात की भीड़ आदि से संबंधित विभिन्न समस्याओं और सुझावों को उठाया। पूर्व नगरसेवक सिद्धार्थ ओवालेकर ने साकेत से गयूमुख होते हुए तटीय मार्ग को फाउंटेन-वर्सोवा तक विस्तारित करने का सुझाव दिया। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि ओवाला से मोघरपाड़ा तक की आंतरिक सड़क का विकास किया जाए, तो इससे क्षेत्र के नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

# पुलिस ने चोरी की बाइक जब्त की

■ **तीन आरोपी फरार**



**उल्हासनगर.** पुलिस ने यातायात नियंत्रण के दौरान बिना नंबर प्लेट वाली एक ट्रिपल-सीटर हार्ले डेविडसन बाइक को रोकने की कोशिश की, तो तीनों ने ट्रैफिक पुलिस पर बाइक चढ़ा दी और भीड़ का फायदा उठाकर अंबरनाथ की ओर भाग गए।

पता चला कि यह मोटरसाइकिल मुंबई के नवघर पुलिस स्टेशन की सीमा से चुराई गई थी। बुधवार, 13 नवंबर को शाम करीब 7 बजे ट्रैफिक पुलिस कांस्टेबल विष्णु शिंदे और वार्डन नरेश दलवी उल्हासनगर-3 के फॉरवर लाइन चौक पर ट्रैफिक नियंत्रण की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उसी दौरान उन्होंने देखा कि एक बिना नंबर प्लेट वाली हार्ले डेविडसन बाइक संदिग्ध गति से जवाहर होटल की ओर जा रही है। बाइक पर तीन युवक बैठे दिखाई दिए। जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तो तीनों ने रुकने के बजाय भागने की कोशिश की। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए पुलिस ने बाइक जब्त कर ली। तभी अचानक तीनों आरोपियों ने पीछे से धक्का देना शुरू कर दिया, पुलिस पर मोटरसाइकिल चढ़ा दी और भीड़ का फायदा उठाकर भाग गए। अधिकारियों और वार्डन ने तुरंत पीछा किया, लेकिन तीनों अंबरनाथ की ओर गायब हो गए। हालाँकि, बाइक अधिकारियों के हाथ में ही रही। इसके बाद, अधिकारियों ने ई-चालान मशीन पर चेसिस नंबर की जाँच की और गाड़ी की असली जानकारी हासिल की। पता चला कि मोटरसाइकिल बुधवार रात चोरी हो गई थी। पुलिस ने आगे की जाँच शुरू कर दी है।

## पत्रकार मिश्र बंधुओं को मातृशोक



**ठाणे.** 'अमर उजाला' के मुंबई के विशेष संवाददाता पुत्र सुरेंद्र मिश्र के अलावा 'दैनिक भास्कर' के ठाणे ब्यूरो चीफ वीरेंद्र मिश्र, की माताजी उरेहादेवी रामतीर्थ मिश्रा का अचानक दिल का दौरा पड़ने से उनके पैतृक गांव रुस्तमपुर, खुटहन, जौनपुर में 76 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार काशी में मणिकर्णिका घाट पर किया गया। परिवार में पति रामतीर्थ मिश्र, टेक्सटाइल इंजीनियर कृष्ण कुमार, पौत्र अजिंक्य और शिवांश सहित पौत्र-पौत्री और बहुएं हैं।

# V.M.A पंचायत ने रैली में किया विरोध प्रदर्शन

■ **बघेल के खिलाफ पुलिस में भी की शिकायत**



**उल्हासनगर.** विट्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन के पास विट्ठलवाड़ी मार्केट एसोसिएशन (V.M.A) ने 13 नवंबर को अमित बघेल के खिलाफ निकाली गई आक्रोश रैली में शामिल होकर अपना निषेध प्रकट किया है। V.M.A के जीतेंद्र बलदेव माखीजा, संजय माखीजानी व बॉबी राघानी के नेतृत्व में शंख चौक, विट्ठलवाड़ी से व्यापारियों ने विशाल बाइक रैली निकाली जो सिंधी एकता पत्रकार मंच द्वारा आयोजित गोल मैदान से झूलेलाल मंदिर तक की रैली में समलित हुए। पंचायत के चेयरमैन ने बताया कि हमने पुलिस को भी बघेल के विरुद्ध ज्ञापन दिया है। सिंधी समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले को बख्शा नहीं जाना चाहिए और उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए। V.M.A की रैली में सभी विट्ठलवाड़ी के व्यापारियों ने शामिल होकर एकता का प्रदर्शन किया।

# शिंदे गुट की पूर्व नगरसेविका बेहनवाल भाजपा में शामिल



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा के पैनल 10 से शिवसेना शिंदे गुट की पूर्व नगरसेविका शुभांगी पप्पू बेहनवाल ने भाजपा में शुक्रवार को प्रवेश कर लिया है। उनके साथ उनके पति मनोहर उर्फ पप्पू बेहनवाल अपने कार्यकर्ताओं के साथ प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चौहान, जिलाध्यक्ष राजेश वधरिया व विधायक कुमार आयलानी की उपस्थिति में भाजपा का दामन थाम लिया है।

# समुद्र में गिर जाने से 63 वर्षीय टैक्सी चालक की मौत



**मुंबई.** शहर के सबसे पुराने मछली पकड़ने के केंद्रों में से एक, मझगांव स्थित भाऊचा धक्का के पास 63 वर्षीय टैक्सी चालक की समुद्र में गिर जाने से मौत हो गई। येलो गेट पुलिस और मृतक के परिवार के अनुसार, दुर्घटना उस समय हुई जब चालक जयप्रकाश शर्मा यात्रियों की तलाश में इलाके में गाड़ी चला रहा था और घाट की ओर जाने की कोशिश करते हुए एक जर्जर पुल से गिर गया।58 वर्षीय टैक्सी चालक जयप्रकाश शर्मा की दक्षिण मुंबई के भाऊचा धक्का में उस समय मौत हो गई जब उनकी टैक्सी अरब सागर में गिर गई। वह एक पुराने पुल पर गाड़ी चला रहे थे, जिसका इस्तेमाल कभी मछुआरे करते थे।यह पुराना पुल घाट को भाऊचा धक्का से जोड़ता है।

# मुंबई विश्वविद्यालय के 'सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी' पुरस्कार में दोहरी जीत



**मुंबई.** एसएसटी महाविद्यालय ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान आकर्षित किया है। मुंबई विश्वविद्यालय द्वारा उसके इतिहास में पहली बार आरंभ किए गए 'सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी पुरस्कार' में महाविद्यालय की दो प्रतिभाओं, किशोरी सुनील मोकाशी (डायमंड गर्ल अवॉर्ड) और शिवम संतोष राय (गोल्डन बॉय अवॉर्ड) ने उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए कॉलेज का मान बढ़ाया है।

इस उपलब्धि को विशेष बनाता है यह तथ्य कि मुंबई विश्वविद्यालय से संबद्ध 900 से अधिक महाविद्यालयों से 15,000 से अधिक नामांकन प्राप्त हुए थे। इनमें से केवल छह छात्रों को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया, और इन छह में से दो पुरस्कार एसएसटी महाविद्यालय के छात्रों ने जीते। यह महाविद्यालय के लिए एक ऐतिहासिक एवं अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है।

किशोरी और शिवम का चयन विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित 14 से अधिक कठोर मापदंडों—शैक्षणिक उपलब्धियाँ, खेलों में सहभागिता, सामाजिक योगदान, नेतृत्व, शोधकार्य और नवाचार आदि—के आधार पर किया गया, जिससे यह सम्मान और भी विशिष्ट हो जाता है।

मुंबई विश्वविद्यालय के दीक्षांत सभागार में आयोजित भव्य समारोह में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के पूर्व उपाध्यक्ष प्रा. डॉ. भूषण पटवर्धन की प्रमुख उपस्थिति में कुलगुरू प्रा. डॉ. रविंद्र कुलकर्णी तथा प्र-कुलगुरू प्राचार्य डॉ. अजय भामरे ने विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए।

पुरस्कार स्वरूप, किशोरी मोकाशी को 12,000, प्रमाणपत्र एवं स्मृति-चिह्न तथा शिवम राय को 10,000, प्रमाणपत्र एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। दोनों विद्यार्थियों ने इस उपलब्धि का श्रेय एसएसटी महाविद्यालय के उत्कृष्ट शैक्षणिक माहौल, महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध सुविधाओं, तथा प्राचार्य एवं प्राध्यापकवर्ग के प्रेरणादायी मार्गदर्शन को दिया।

समारोह में एसएसटी महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, उपप्राचार्य डॉ. दीपक गवादे, एनएसएस के ठाणे जिला समन्वयक एवं उपप्राचार्य प्रा. जीवन विचारे, क्रीडा संचालक प्रा. राहुल अकुल, बी.कॉम (बैंकिंग एंड इंश्योरेंस) विभाग की समन्वयक प्रा. दीपिका वलेचा, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों के माता-पिता तथा बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

एसएसटी महाविद्यालय की इस उल्लेखनीय दोहरी उपलब्धि ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि यह संस्था शैक्षणिक उत्कृष्टता, नेतृत्व विकास और सर्वांगीण प्रगति के क्षेत्र में निरंतर अग्रणी बनी हुई है।

# ठाणे में पालतू जानवरों के लिए श्मशान का उद्घाटन



**ठाणे.** मनपा क्षेत्र में पालतू जानवरों के लिए पहले गैस-आधारित श्मशान का शुभारंभ पशु प्रेमियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा कर रहा है। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा है कि कुत्तों के लिए आश्रय और पालतू जानवरों का बगीचा उनका अगला संकल्प है। बालकुम अग्निशमन केंद्र के पीछे माजीवाड़ा गाँव में स्थापित पालतू जानवरों के लिए पहले गैस-आधारित श्मशान का उद्घाटन शनिवार सुबह परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने किया। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से ठाणे शहर में पालतू जानवरों के लिए एक श्मशान बनाने का अनुरोध किया था। माजीवाड़ा गाँव के श्मशान के पास पालतू जानवरों के लिए एक अलग श्मशान स्थापित किया गया है। इस श्मशान घाट का प्रवेश द्वार अलग है। इस अवसर पर परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि इस श्मशान घाट ने पशु प्रेमियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया है। इस अवसर पर पूर्व स्थायी समिति अध्यक्ष संजय भोईर,संदीप डोंगरे, ठाणे मनपा अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, कार्यकारी अभियंता संजय कदम, चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगिता धायगुडे, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. क्षमा शिरोडकर, उप बी. वी. इंजीनियर गव्हाने, पशु मित्र संघ की सोनाली सजनानी और अन्य उपस्थित थे।आवारा कुत्तों की समस्या को ध्यान में रखते हुए, मैंने मनपा आयुक्त सौरभ राव को घोड़बंदर रोड क्षेत्र में मानव बस्तियों से दूर एक डॉग शेल्टर स्थापित करने का निर्देश दिया है। इसके लिए अब जगह की तलाश की जा रही है।

# प्रियंका चोपड़ा का धमाकेदार कमबैक



प्रियंका चोपड़ा पिछले काफी समय से एस एस राजामौली की फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में देसी गर्ल की जोड़ी पहली बार साउथ सुपरस्टार महेश बाबू के साथ नजर आएगी। इस फिल्म में उनका किरदार किस तरह का होगा, इसका इंतजार प्रियंका चोपड़ा के चाहने वाले एक लंबे समय से कर रहे थे।

हालांकि, अब उनके इंतजार का समय खत्म हो चुका है, क्योंकि ग्लोबल आइकॉन प्रियंका चोपड़ा का उनकी अपकमिंग फिल्म ग्लोबल ट्रोटर से पहला लुक सामने आ चुका है, जिसने फैंस की एक्साइटमेंट को दोगुने लेवल पर पहुंचा दिया है।

एस एस राजामौली ने अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'ग्लोबल ट्रोटर' से प्रियंका चोपड़ा का पहला लुक अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर शेयर किया है। इस पोस्टर में प्रियंका चोपड़ा ने साड़ी पहनी है और वह पहाड़ों पर अंगारों के बीच हाथ में बंदूक थामे धाय-धाय गोली चलाते हुए नजर आ रही हैं, जिससे ये तो क्लियर हो गया है कि एस एस राजामौली की इस मूवी में प्रियंका चोपड़ा दमदार एक्शन करते हुए भी स्क्रीन पर नजर आएंगी।

# SST कॉलेज का मुंबई विवि अंतर-महाविद्यालयीन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में परचम

■ **लड़कियों ने लगातार आठवां खिताब अपने नाम किया**



**उल्हासनगर.** मुंबई विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर-महाविद्यालयीन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में एस.एस.टी. कॉलेज ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। लड़कियों और लड़कों – दोनों ही वर्गों में एस.एस.टी. कॉलेज ने सर्वांगीण चैंपियनशिप का खिताब जीतते हुए शानदार प्रदर्शन किया। विशेष बात यह रही कि कॉलेज की लड़कियों की टीम ने लगातार आठवें वर्ष विजेतेपद हासिल कर मेहनत, लगन और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस प्रतियोगिता में एस.एस.टी. कॉलेज के कई खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत और टीम दोनों श्रेणियों में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। कल्पेश देवरे ने 3,000 मीटर स्टीपलचेस में स्वर्ण और 1,500 मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। तृषा नायर ने 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण और लंबी कूद में रजत पदक हासिल किया। विशाल कानोजिया ने 10,000 मीटर में स्वर्ण और 5,000 मीटर में रजत पदक प्राप्त किया। काजल प्रजापति ने 10,000 मीटर में स्वर्ण और 2,000 मीटर स्टीपलचेस में रजत पदक जीता।

रोशनी जुंघरे ने 800 मीटर में स्वर्ण, 1,500 मीटर में रजत, साथ ही 4×100 मीटर रिले में स्वर्ण और 4×400 मीटर रिले में रजत पदक हासिल किया। सुरूर राजक ने 100 मीटर हर्डल्स में कांस्य, 4×100 मीटर रिले में स्वर्ण और 4×400 मीटर रिले में रजत पदक जीता। पायल चव्हाण ने 800 मीटर में रजत, 4×100 मीटर रिले में स्वर्ण और 4×400 मीटर रिले में रजत पदक प्राप्त किया।

तृप्ती भोईर ने 5,000 मीटर में रजत, 2,000 मीटर स्टीपलचेस में स्वर्ण, साथ ही 4×100 मीटर रिले में स्वर्ण और 4×400 मीटर रिले में रजत पदक जीता। विशाल मेमाणे ने डिस्कस थ्रो में स्वर्ण और 4×400 मीटर रिले में रजत पदक प्राप्त किया। सपना यादव ने हैमर थ्रो में रजत पदक हासिल किया। अदिल ने 10,000 मीटर में रजत पदक और रिले में भी रजत पदक जीता।

इस उल्लेखनीय सफलता पर मुंबई विश्वविद्यालय के खेल निदेशक डॉ. मनोज रेड्डी, एस.एस.टी. कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, IQAC समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी, खेल शिक्षक श्री राहुल अकुल, श्री पुष्कर पवार, साथ ही सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और विद्यार्थियों ने विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी।

एस.एस.टी. कॉलेज के खिलाड़ियों की यह उपलब्धि उनकी निरंतर मेहनत और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इस प्रदर्शन ने एक बार फिर सिद्ध किया है कि एस.एस.टी. कॉलेज खेल क्षेत्र में उत्कृष्टता का उच्च मानदंड बनाए हुए है।

CHANGE OF NAME
My old Name is
Anil Brijlal Anandani
Now My New Name is
Anil Kumar Brijlal Anandani
Now I will be known as my new name
Anil Kumar Brijlal Anandani
Add:. Rupmilan Co-Op hsg soc,
Flat No.404,4th Floor,
Near Venus Talkies, Section-25,
Ulhasnagar-421004.,Dist. Thane.
Anil Kumar Brijlal Anandani

CHANGE OF NAME
My old Name is
Priya Anil Anandani
Now My New Name is
Priya Anil Kumar Anandani
Now I will be known as my new name
Priya Anil Kumar Anandani
Add:. Rupmilan Co-Op hsg soc,
Flat No.404,4th Floor,
Near Venus Talkies, Section-25,
Ulhasnagar-421004.,Dist. Thane.
Priya Anil Kumar Anandani




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099